समस्या | बस स्टैंड पर अवैध अतिक्रमण और लचर ड्रेनेज सिस्टम ने बढ़ाई ग्रामीणों की आफत, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

पहली बारिश में खुली बड़े-बड़े दावों की पोल

नवभारत, मंडला/घुघरी। जनपद पंचायत घुघरी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत तबलपानी में विगत दिवस हुई झमाझम बारिश ने पंचायत प्रशासन के विकास के बड़े-बड़े दावों की पोल खोल कर रख दी है। मानसून की पहली ही तेज बारिश में यहाँ का ड्रेनेज सिस्टम और साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आई। इस बदइंतजामी के कारण स्थानीय ग्रामीणों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

ग्राम पंचायत की घोर लापरवाही का आलम यह रहा कि क्षेत्र के शासकीय भवनों को भी इस जलभराव से बचाया नहीं जा सका। आंगनवाड़ी भवन के साथ-साथ उप-स्वास्थ्य केंद्र (आरोग्य केंद्र) के भीतर भी भारी मात्रा में बारिश का गंदा पानी घुस गया। आंगनवाड़ी में पानी भरने से वहाँ रखे आवश्यक सामान और महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों के खराब होने का खतरा मंडराने लगा है। आरोग्य केंद्र के भीतर पानी घुसने से मरीजों के उपचार और जीवनरक्षक दवाइयों के रख-रखाव में भारी अव्यवस्था फैल गई।

ग्रामीणों में आक्रोश

स्थानीय लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि यदि समय रहते पंचायत प्रशासन मुस्तैदी दिखाता और नालियों की सफाई करवाता, तो आज इन महत्वपूर्ण केंद्रों की यह दुर्दशा नहीं होती।

प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की गुहार

क्षेत्रीय जनता ने जनपद प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए। भविष्य में होने वाली भारी बारिश और उससे होने वाले संभावित नुकसान से बचने के लिए तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए और तबलपानी में युद्धस्तर पर नालियों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।

स्थाई समाधान के लिए अतिक्रमण हटे और नालियां बनें

ग्रामीणों का कहना है कि इस गंभीर समस्या का स्थाई समाधान तभी संभव है जब प्रशासन और ग्राम पंचायत मिलकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। बस स्टैंड से तत्काल अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। सड़क के दोनों ओर व्यवस्थित और पक्की नालियों का निर्माण कराया जाए। यदि जल निकासी की उचित व्यवस्था हो जाती है, तो भविष्य में बारिश का पानी न तो आंगनवाड़ी और अस्पताल के भीतर घुसेगा और न ही सड़कों पर जलभराव की स्थिति निर्मित होगी।

सड़कों पर बहा नाले जैसा पानी, अतिक्रमण ने बढ़ाई आफत

बारिश के दौरान तबलपानी की मुख्य सड़कों पर पानी का बहाव किसी बड़े नाले की तरह दिखाई दिया। जल निकासी के लिए नालियां न होना इसका मुख्य कारण है। इसके साथ ही स्थिति तब और अधिक भयावह हो गई जब तबलपानी बस स्टैंड के दोनों ओर लोगों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण और अस्थाई दुकानों के कारण पानी का प्राकृतिक बहाव पूरी तरह रुक गया। पानी का निकास न होने से सड़क ने देखते ही देखते नदी का रूप ले लिया।

घाट पर अनियंत्रित होकर पलटा सूजी-मैदा से भरा ट्रक

▶ रातभर पहरा देती रही पुलिस, एनएच-30 पर तकनीकी खराबी के बाद पीछे लुढ़का ट्रक

नवभारत मंडला। नेशनल हाईवे 30 पर मंडला-जबलपुर मार्ग स्थित बबैहा और कोंडरा गांव के बीच घाट पर शुक्रवार की रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जबलपुर से मंडला की ओर आ रहा मैदा और सूजी से लदा एक ट्रक घाट पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के पहिए ऊपर की ओर हो गए और वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद ट्रक में लदी मैदा व सूजी की बोरियां सड़क और घाट पर बिखर गईं, जिससे मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

जानकारी अनुसार ट्रक जबलपुर से मंडला की ओर आ रहा था, इसी दौरान रास्ते में उसमें कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी। चालक ने खराबी को ठीक कराया और अपने गंतव्य के लिए रवाना हुआ। हालांकि, जैसे ही ट्रक बबैहा और कोंडरा गांव के बीच घाट की चढ़ाई पर पहुंचा, वह अचानक बंद हो गया और पीछे की ओर लुढ़कने लगा। चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे फिसलते हुए पलट गया।

जांच में जुटी पुलिस

टिकरिया थाना पुलिस द्वारा इस हादसे की सूचना ट्रक मालिक को दे दी गई है। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी अप्रिय जनहानि की खबर नहीं है। फिलहाल टिकरिया पुलिस दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

लूटपाट रोकने रातभर तैनात रही पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही टिकरिया थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने सबसे पहले मार्ग पर फैले सामान और मलबे को हटवाकर यातायात बहाल कराने की प्रक्रिया शुरू की। हादसे के बाद सड़क पर बिखरी सूजी और मैदा की बोरियों को सुरक्षित रखने और किसी भी प्रकार की संभावित लूटपाट को रोकने के लिए टिकरिया पुलिस ने सराहनीय कदम उठाया। रातभर मौके पर पुलिस कर्मियों को तैनात रखा गया।

एक नजर में

खेत में काम कर रही महिला को सांप ने डसा

नारायणगंज। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच खेतों और झाड़ियों में विषैले जीव-जंतुओं का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आने वाले पोषक ग्राम बीजेगांव पाठा में एक सर्प ने बुजुर्ग महिला को डस लिया। बताया गया कि खेत में काम कर रही एक 66 वर्षीय बुजुर्ग महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। महिला की सजगता और समय पर मिले इलाज के कारण फिलहाल उनकी जान सुरक्षित है।

जानकारी अनुसार शनिवार सुबह लगभग 10 बजे ग्राम बीजेगांव निवासी समलो बाई कुशराम 66 वर्ष, पति बुद्धुलाल कुशराम अपने खेत में कचरा साफ कर रही थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक विषैले सर्प ने अचानक उनके पैर पर डस लिया। घटना के समय खेत में कोई और मौजूद नहीं था। ऐसी स्थिति में भी बुजुर्ग महिला ने घबराने के बजाय अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपने हाथ में मौजूद हंसिए से सर्प को खुद से अलग किया और किसी तरह पास स्थित मकान तक पहुंचकर परिजनों को इसकी जानकारी दी।

अस्पताल में उपचार जारी, हालत स्थिर : परिजनों ने बिना कोई समय गंवाए तत्काल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में भर्ती कराया। अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला का प्राथमिक उपचार और एंटी-स्नेक वेनम दिया गया। बताया गया कि सही समय पर इलाज मिलने की वजह से महिला की स्थिति अब सामान्य और स्थिर बनी हुई है।

स्वास्थ्य विभाग की अपील : बारिश के मौसम में खेतों, झाड़ियों और जलभराव वाले क्षेत्रों में सांपों का निकलना आम बात है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी किसानों और ग्रामीणों से अपील की है कि वे खेतों में काम करते समय पैरों में गमबूट और हाथों में सुरक्षा उपाय अपनाएं। इसके साथ ही सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक के अंधविश्वास में समय गंवाने के बजाय मरीज को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर आएं।

कड़कनाथ पालन से बदली कपूरिया दीदी की किस्मत

बीजाडांडी। कड़कनाथ कुक्कुट पालन योजना और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयास ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर आत्मनिर्भर भारत के सपने को धरातल पर साकार कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंडला जिले के विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम बम्होरी की रहने वाली श्रीमती कपूरिया वरकड़े ने अपनी कड़ी मेहनत और आजीविका मिशन के सहयोग से एक मिसाल पेश की है। कभी गंभीर आर्थिक तंगहाली से जूझने वाली कपूरिया दीदी आज एक सफल उद्यमी बनकर सम्मानजनक जीवन जी रही हैं। जानकारी अनुसार आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़ने से पूर्व श्रीमती कपूरिया वरकड़े की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी और आय का कोई स्थाई साधन नहीं था। जीवन की इन कठिन परिस्थितियों के बीच उन्होंने ज्योति आजीविका स्व-सहायता समूह की सदस्यता ग्रहण की। समूह और शांति महिला आजीविका ग्राम संगठन की बैठकों में अपनी पारिवारिक स्थिति साझा करने के बाद उनकी लगन और सक्रियता को देखते हुए उन्हें ग्राम संगठन के माध्यम से कृषि उद्यमी मित्र के रूप में चयनित किया गया। इसके बाद मिशन द्वारा उन्हें 35 दिनों का सघन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसने उनके भीतर आत्मविश्वास जगाया।

कम उपस्थिति पर जिला शिक्षा अधिकारी सख्त, प्राचार्यों को दिए आवश्यक निर्देश

मंडला। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े ने नारायणगंज विकासखंड के अंतर्गत शासकीय एकीकृत बालक हाई स्कूल नारायणगंज, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास नारायणगंज और शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मंगलगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित प्राचार्यों को शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्यालयों में नामांकन की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक छात्र की अपार आईडी समय-सीमा में तैयार कराने के लिए कहा।

उन्होंने राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने तथा दिव्यांग विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए एनएसपी पोर्टल पर पात्र विद्यार्थियों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासन की सभी शैक्षणिक एवं छात्रहितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने विद्यालय प्रमुखों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जनसमस्याओं को लेकर नरेंद्र सिंह का आमरण अनशन शुरू, कलेक्ट्रेट मार्ग पर मौन व्रत धारण कर बैठे

सीवर लाइन से बदहाल सड़कों पर आर-पार की लड़ाई

मंडला। नगर में सीवर लाइन निर्माण के बाद सड़कों की बदहाल स्थिति और विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर समाजसेवियों का आक्रोश गहराता जा रहा है। इसी कड़ी में 1 जुलाई से कलेक्ट्रेट मार्ग पर धरने पर बैठे समाजसेवी नरेंद्र सिंह परिहार ने प्रशासन द्वारा मांगें पूरी न किए जाने पर शनिवार 4 जुलाई से अपना आमरण अनशन शुरू कर दिया है। अनशन के पहले दिन परिहार कलेक्ट्रेट मार्ग पर पूर्ण रूप से मौन धारण कर डटे रहे। इस आंदोलन को नगर के विभिन्न समाजसेवियों और नागरिकों का व्यापक समर्थन मिल रहा है।

अनशन के बीच देहदान का लिया फैसला : आंदोलन के बीच समाजसेवी नरेंद्र सिंह परिहार ने एक अत्यंत भावुक और बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अनशन के दौरान अपनी मृत्यु की स्थिति में पारंपरिक अंतिम संस्कार के बजाय अपना शरीर मेडिकल कॉलेज को दान करने की इच्छा जताई है। इस संबंध में उन्होंने सीएमएचओ को एक औपचारिक आवेदन भी सौंप दिया है।

सीवर लाइन निर्माण में लापरवाही का आरोप : आंदोलन का समर्थन कर रहे प्रबुद्ध नागरिकों और समाजसेवियों का आरोप है कि नगर में सीवर लाइन निर्माण के दौरान गुणवत्ता मानकों का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा गया। निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही के कारण शहर की प्रमुख सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे नगरवासियों को लंबे समय से आवागमन में भारी दिक्कतों और हादसों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रशासन का लिखित आश्वासन खारिज, वार्ता विफल: बताया गया कि इससे पूर्व नायब तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर नरेंद्र सिंह परिहार से मुलाकात की थी और उनकी मांगों पर चर्चा की थी। प्रशासन ने बारिश के मौसम का हवाला देते हुए सड़कों के सुधार कार्य के संबंध में एक लिखित आश्वासन भी दिया था।

ट्रक से डीजल चोरी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

▶ छिंदवाड़ा के ट्रक ड्राइवर की शिकायत पर नैनपुर पुलिस का एक्शन, डीजल चोरी मामले का दूसरा आरोपी भी पहुंचा जेल

नैनपुर। पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा एवं एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में नैनपुर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ट्रक से डीजल चोरी करने के मामले में काफी समय से फरार चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का डीजल भी बरामद किया गया है।

जानकारी अनुसार छिंदवाड़ा जिले के थाना मोहखेड़ के अंतर्गत ग्राम उमरानाला निवासी शिकायतकर्ता शेख शरीफ कुरैशी पिता शेख मोहम्मद कुरैशी विगत 21 जून की रात को गेहूं से लदा ट्रक क्रमांक एमएच-40-9586 लेकर नैनपुर आए थे। उन्होंने निवारी क्षेत्र में अपना ट्रक खड़ा किया और विश्राम करने चले गए। अगले दिन सुबह जब उन्होंने जांच की, तो ट्रक की टंकी से करीब 150 लीटर डीजल गायब था। अज्ञात चोरों द्वारा डीजल चोरी किए जाने की इस घटना की रिपोर्ट 26 जून को थाना नैनपुर में दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों का जाल बिछाया।

पुलिस इस मामले के एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुकी है, जो वर्तमान में जेल में है। वहीं, घटना में शामिल दूसरे फरार आरोपी की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। बताया गया कि 3 जुलाई को मुखबिर से सटीक सूचना मिलने पर नैनपुर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी अखिलेश राजपूत 33 वर्ष, पिता गंगा सिंह राजपूत, निवासी ग्राम सालीवाड़ा, थाना नैनपुर को धर दबोचा।

तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव एवं दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मंडला। शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए 1 से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ एवं मानसिक संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन वातावरण से परिचित कराना तथा उनके व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य संवारने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. विजय मोर्य ने परियोजना कार्य, इंटर्नशिप तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. प्रशांत यादव ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की खेलकूद गतिविधियों से अवगत कराया। वहीं डॉ. घनश्याम प्रसाद झारिया ने बीए प्रथम वर्ष के मेजर, माइनर एवं एमडीसी पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ. गरिमा छावड़ा ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं उसकी सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की।

बरसात के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा

मंडला। वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही जिले में जलजनित और वेक्टर जनित मच्छरों से फैलने वाली संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने आमजन के लिए एक विशेष स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि इस मौसम में थोड़ी सी भी लापरवाही उल्टी-दस्त, पेचिश, टायफाइड, डायरिया, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों की वजह बन सकती है। उन्होंने नागरिकों से सतर्क रहने और स्वच्छता अपनाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से केवल उबला या शुद्ध पेयजल पीने, ताजा एवं स्वच्छ भोजन करने, खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी है। भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने तथा स्वच्छ शौचालय का उपयोग करने पर भी जोर दिया गया है। एडवाइजरी में बताया गया है कि उल्टी-दस्त होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। वहीं मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए घर के आसपास पानी जमा न होने दें, शाम के समय दरवाजे-खिड़कियाँ बंद रखें तथा मच्छरदानी का उपयोग करें।

जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर स्वैच्छिकता पर्व का आगाज

▶ विद्यार्थियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

मंडला। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आज रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़ी खैरी मंडला के प्रांगण में समाजकार्य के विद्यार्थियों द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

12 अगस्त तक मनेगा स्वैच्छिकता पर्व- स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक संतोष कुमार झारिया ने परिषद के स्थापना दिवस एवं स्वैच्छिकता पर्व की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाले इस पर्व के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, सामाजिक समरसता और जनभागीदारी के संकल्प को सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने सभी से स्वच्छ व स्वस्थ मध्य प्रदेश के निर्माण में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में परामर्शदाता लाला राम चक्रवर्ती ने परिषद् की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले के विकासखंडों को 5 सेक्टरों मंडला, पदमी, लिंगा पौंडी, बकौरी, महाराजपुर में बांटकर नवांकुर संस्थाओं व ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से विकास कार्य किए जा रहे हैं। परिषद् ने स्वयंसेवी संस्थाओं का एक ऐसा मजबूत तंत्र स्थापित किया है, जो शासकीय योजनाओं को अंतिम हितग्राही तक आसानी से पहुँचा रहा है।

आरोप | ग्रेवल सड़क के पुराने पाइपों का ही कर दिया नवीनीकरण, बिना बेस तैयार किए 9 लाख हड़पने का आरोप

सिघनपुरी से शाहा सड़क निर्माण में लापरवाही, पुलिया में अभी से आईं दरारें

नवभारत, बबलिया। जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहा में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी राशि के दुरुपयोग और घटिया निर्माण का बड़ा मामला सामने आया है। सिघनपुरी से शाहा के बीच वर्ष 2023-24 में बनाई गई ग्रेवल सड़क और हाल ही में स्वीकृत पुलिया निर्माण में तकनीकी मापदंडों को ताक पर रख दिया गया है, जिसके चलते नवनिर्मित संरचना में जगह-जगह दरारें आ गई हैं।

पुराने पाइपों का ही कर दिया इस्तेमाल, नहीं डाला बेस : ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई ग्रेवल सड़क के दौरान जो पाइप डाले गए थे, ठेकेदार और संबंधित एजेंसी ने नई पुलिया की स्वीकृति मिलने के बाद भी उन्हीं पुराने छोटे पाइपों का दोबारा उपयोग कर लिया। लगभग 9 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत इस पुलिया निर्माण में एस्टीमेट के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं। बिना मजबूत बेस डाले ही पुलिया खड़ी कर दी गई और इसकी लंबाई व चौड़ाई का भी ध्यान नहीं रखा गया।

लाखों की राशि आहरण पर उठे सवाल

क्षेत्रीय जनता का कहना है कि बिना किसी गुणवत्ता और मापदंड के काम को आनन-फानन में पूरा दिखाकर लगभग 9 लाख की राशि का आहरण भी कर लिया गया है। इस भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई के लिए मोर्चा खोल दिया है।

जनपद अध्यक्ष ने किया मुआयना, उच्च अधिकारियों को लिखा पत्र

मामले की शिकायत मिलते ही जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जमीनी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य में प्रथम दृष्टया भारी अनियमितता और लापरवाही पाई। जनपद अध्यक्ष ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए उच्च अधिकारियों को जांच के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे मामले की तकनीकी जांच कराई जाए और शासकीय राशि का दुरुपयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दोबारा गुणवत्तापूर्ण पुलिया का निर्माण कराया जाए।

स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर

मंडला। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत पुलिस टीमों ने विभिन्न विद्यालयों, शासकीय कार्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन और छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए।

अभियान के तहत चौकी हिरदेनगर के अंतर्गत आने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय, पदमी में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। एसडीओपी मंडला पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में सूबेदार योगेश राजपूत एवं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हरछठ ठाकुर द्वारा 200 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ को साइबर अपराधों की बारिकियों से अवगत कराया गया। टीम ने विशेष रूप से यूपीआई, ओटीपी, क्यूआर कोड फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं एनसीआरपी पोर्टल की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जागरूकता फैलाने के लिए सभी प्रमुख थानों और चौकियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिसमें थाना कोतवाली से प्रभारी निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में कार्रवाई। थाना महाराजपुर से प्रभारी निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव द्वारा जागरूकता सत्र। थाना मोहगांव से प्रभारी निरीक्षक वेदराम हनोते के मार्गदर्शन में कार्यक्रम।